सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: 2026-27

कक्षा:-6	**विषय: हिंदी व्याकरण**	**पाठ:1 भाषा लिपि और व्याकरण**

अभ्यास कार्य (सार्थक हिंदी व्याकरण पृष्ठ संख्या- 10)

सोचिए और बताइए

1. भाषा के लिखने के ढंग को लिपि कहा जाता है।

2. भाषा का प्रयोग दो रूपों में किया जाता है मौखिक और लिखित।

मौखिक भाषा (क) भाषण देना (ख) मैच की कमेंट्री करना

लिखित भाषा-(क) अखबार पढ़ना (ख) पत्र लिखना

3. हिंदी भाषा के अलावा देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली अन्य दो भाषाएँ (क) मराठी (ख) संस्कृत।

लिखिए

क- (vii)

ख- (i)

ग (vi)

घ (v)

ङ(iii)

(च) (iv)

(छ) (ii)

रिक्त स्थान

2. (क) आदान-प्रदान

(ख) लिपि

(ग) शब्द, वाक्य

(घ) क्षेत्रीय

(ङ) 22

3. (क) (1) भावों के आदान- प्रदान का साधन

(ख) व्याकरण

(ग) 14 सितंबर, सन् 1949 को

4. (क) भाषा का लिखित रूप भाषा को स्थायित्व प्रदान करता है तथा ज्ञान-विज्ञान व साहित्य को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाता है।

(ख) संकेतों द्वारा भावों का आदान-प्रदान पूर्ण रूप से नहीं हो सकता। इसी कारण संकेतों को भाषा नहीं कहा जा सकता।

(ग) व्याकरण न होता, तो भाषा का शुद्ध प्रयोग करना संभव नहीं हो पाता।

5. (क) लिपियाँ न होतीं, तो भाषा का लिखित रूप न होता और यदि यह न होता तो ज्ञान-विज्ञान और साहित्य को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक नहीं पहुँचाया जा सकता था।

(ख) मनुष्य ने अपने भावों व विचारों के आदान-प्रदान के लिए कभी ऐसा महसूस किया होगा कि भाषा का केवल मौखिक रूप ही पर्याप्त नहीं है। यदि बिना बोले भी अपने विचारों को प्रकट कर दिया जाता, तो अच्छा होता। उसके इसी प्रश्न और जिज्ञासा ने उसे भाषा को लिखित रूप में उतारने के लिए प्रेरित किया होगा। इसी प्रेरणा से लिपियों का जन्म हुआ होगा। इससे भाषा द्वारा ज्ञान-विज्ञान, साहित्य को लिखित रूप मिला और भाषा समृद्ध

होती चली गई। यदि यह रूप न बना होता, तो भाषा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक केवल मौखिक रूप में ही स्थानांतरित होती, इससे ज्ञान-विज्ञान व साहित्य हमें संपूर्ण रूप में प्राप्त नहीं हो पाता।

खोजकर बताइए

हिंदीभाषी राज्य- मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, दिल्ली, हरियाणा।

अभ्यास पत्रिका (कॉपी में कीजिए)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) मातृभाषा किसे कहते हैं?

(ख) भाषा के कितने कौशल हैं? उनके नाम लिखिए।

(ग) लिखित भाषा किसे कहते हैं?

(घ) लिपि से आप क्या समझते हैं?

(ङ) बोली उपभाषा कब बन जाती है?

2. **निम्नलिखित भाषाओं की लिपियाँ लिखिए-**

(क) डोगरी

(ख) उर्दू

(ग) जापानी

(घ) मैथिली

3. रिक्त स्थान भरिए-

(क) विचारों के आदान प्रदान के साधन को -------- कहते हैं।

(ख) हिंदी दिवस प्रतिवर्ष --------- मनाया जाता है।

(ग) जापानी भाषा की लिपि --------- है।

(घ) विश्व हिंदी दिवस प्रतिवर्ष ------- मनाया जाता है।

(ङ) हड़प्पा संस्कृति की लिपि --------- थी।